BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA

CLASS - V ASSIGNMENT - 5

I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-

समय या काल हमेशा चलता रहता है ।उसे रोका नहीं जा सकता। समय सबसे बलवान है। उसका सदुपयोग करना चाहिए ।बीता समय कभी वापिस नहीं आता। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग कर लेता है वही सफलता पाता है। विद्यार्थियों के लिए तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्हें उचित समय पर पढ़ना, समय पर खेलना तथा समय पर भोजन करना चाहिए। तभी वे जीवन में ऊँची से ऊँची मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं। मनोरंजन भी समय पर ही करना चाहिए ताकि रोज़ के अन्य कार्यों पर उसका प्रभाव न पड़े।

प्र०1-विद्यार्थियों को उचित समय पर क्या करना चाहिए?

प्र०2- कैसे व्यक्तियों को जीवन में सफलता मिलती है?

प्र०3- विलोम शब्द लिखो- दुरुपयोग , अनुचित

प्र०4- लिंग बदलो - बलवती

प्र०5-वर्ण विच्छेद - प्रभाव

II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें

प्र०1-आदिवासियों का छोटा-सा गाँव कहाँ था?

प्र०2- संजू की कौन- सी बुरी आदत से उसकी माँ परेशान रहती थी?

प्र०3- जलाते चलो कविता से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

III विलोम शब्द लिखो-

1. मुश्किल 3. पहला

2. जलना 4. थोड़ा

IV वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए-

1. जहाँ तरह-तरह के फूल खिलते हैं -

2. विचारों के आदान-प्रदान करने का माध्यम -

V निम्नलिखित वाक्यों में से विशेष्य शब्दों को रेखांकित करो -

1. रोहन ने लाल कमीज़ पहनी है।
2. पेड़ पर मीठे आम लगे हैं।
3. मेरे पास चार कारें हैं

VI निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर भेद लिखो-

1. इस डिब्बे में चीनी है।

2. बाज़ार से थोड़ा दूध ले आओ।

3. कुछ बच्चे खेल रहे हैं।

4. डरपोक सिपाही भाग गया।